फा.सं.-12016/08/2026-रा.भा.(का-2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एन.डी.सी.सी.-।। भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली-110001,
दिनांक: 12.06.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय- हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2026 को मुंबई स्थित "सिडको प्रदर्शन केंद्र" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)' डिजाइन किया जाना है जिसके लिए एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी के अमृत काल की महत्ता, सम्मेलन स्थल मुंबई की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से **प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना (JPG/PDF)तैयार करवा कर** दिनांक 15.07.2026, सांय 05 बजे तक विभाग के अनुसंधान अधिकारी की ईमेल आईडी **-santosh.gupta89@nic.in** पर भिजवाना सुनिश्चित करें। हस्तनिर्मित **चिह्न (Logo) अस्वीकार्य होगा।**

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ **लोगो(Logo)** का प्रयोग दिनांक 14-15 सितम्बर 2026 को आयाजित होने वाले राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता के पांच सर्वश्रेष्ठ **लोगो (Logo)** प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

(ले. कर्नल रामनरेश शर्मा)
निदेशक (का.)

प्रतिः-

1. **सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।**
2. **सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।**
3. **सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।**